Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Women's Studies

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# WOMEN'S STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 7 4 1 0**

Time : $1\,{}^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## WOMEN'S STUDIES
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The discipline of Women's Studies is
(A) A study about women.
(B) Giving information about women.
(C) A body of literature, that critically analyses the unequal position of men and women.
(D) A critical questioning of unequal positioning of community in terms of class and caste.

**2.** Women and Child Development at the Centre is a
(A) Department
(B) Ministry
(C) Commission
(D) Board

**3.** National Commission for Women came into being with the Parliament Act
(A) 1984
(B) 1986
(C) 1980
(D) 1990

**4.** What is correct about Feminism ?
(A) It negates the role of men.
(B) It advocates the rights of women
(C) It deals with only working women
(D) It deals with contribution of women

**5.** What is the 'State Policy' regarding development of women ?
(A) Inclusive Development
(B) Gendered Development
(C) Exclusive Development
(D) None of the above

**6.** Match the following Schools of Feminists according to their ideologies :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Liberal Feminists | 1. Deconstructionist approach |
| (b) Radical Feminists | 2. Ending of Capitalism |
| (c) Socialist Feminists | 3. The social institution must be respected and maintained |
| (d) Post-Modern Feminists | 4. Freedom from the grip of Patriarchy |
| | 5. Existentialism |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**7.** GDI stands for
(A) General Development Index
(B) Gross Development Index
(C) Great Development Index
(D) Gender Development Index



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## महिला अध्ययन

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** 'स्त्री अध्ययन' एक शास्त्र है

(A) स्त्रियों के बारे में अध्ययन ।

(B) स्त्रियों के बारे में जानकारी देना ।

(C) समुच्चय साहित्य जो स्त्री-पुरुषों की असमान स्थिति की आलोचनात्मक विवेचना करता है ।

(D) वर्ग और जाति की धारणा से समुदाय में असमान स्थिति के विरुद्ध आलोचनात्मक प्रश्न उठाना ।

**2.** केन्द्र में स्त्री और बाल विकास क्या है ?

(A) विभाग

(B) मंत्रालय

(C) आयोग

(D) बोर्ड

**3.** संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन हुआ

(A) 1984

(B) 1986

(C) 1980

(D) 1990

**4.** निम्नलिखित में से नारीत्व के विषय में कौन सा सही है ?

(A) यह पुरुषों की भूमिका नकारता है ।

(B) यह स्त्रियों के अधिकारों की हिमायत करता है ।

(C) यह केवल कामकाजी स्त्रियों से संबंधित है ।

(D) यह स्त्रियों के योगदान से सम्बन्धित है ।

**5.** निम्नलिखित में स्त्रियों के विकास से संबंधित 'राज्य नीति' कौन सी है ?

(A) समावेशित विकास

(B) लैंगिक विकास

(C) अपवर्जित विकास

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6.** निम्नलिखित नारीवादी सम्प्रदाय को उनकी विचारधारा के अनुसार क्रमबद्ध कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) उदार नारीवादी | 1. संरचनात्मक भंजक दृष्टिकोण । |
| (b) उग्र नारीवादी | 2. पूँजीवाद की समाप्ति । |
| (c) समाजवादी नारीवादी | 3. सामाजिक संस्थाओं का सम्मान होना चाहिए और उसे बनाये रखना चाहिए । |
| (d) आधुनिक उत्तर नारीवादी | 4. पैतृकता के चंगुल से मुक्ति । |
| | 5. अस्तित्ववाद । |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**7.** जी डी आई का तात्पर्य है

(A) जनरल डेवलपमेन्ट इंडेक्स

(B) ग्रॉस डेवलपमेन्ट इंडेक्स

(C) ग्रेट डेवलपमेन्ट इंडेक्स

(D) जेंडर डेवलपमेन्ट इंडेक्स



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

8. **Assertion (A) :** Gender division of work at the Household level extends to other public sphere also.

**Reason (R) :** Socialization process begins at family which is carried forward in the society and work place etc.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) (A) is false, (R) is true.

(D) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation for (A).

9. **Assertion (A) :** Women perform 2/3 of the work but receive only 1/3 of wages.

**Reason (R) :** Women's work at household does not have exchange value.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, (R) is not the correct explanation.

(B) Both (A) and (R) are true.

(C) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation.

(D) Both (A) and (R) are false.

10. **Assertion (A) :** Female foeticide increases and that contributes to declining sex ratio.

**Reason (R) :** Misuse of technology and son preference are the reasons for declining sex ratio.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation for (A).

(D) (A) is true, (R) is false.

11. Female labour force participation is more in unorganized sector because

(i) Majority of women do not have technical skills.

(ii) Female workers are submissive.

(iii) Women workers are more organised.

(iv) Women workers are from the lower caste.

**Codes :**

(A) (i) and (ii) are correct.

(B) (iii) and (iv) are correct.

(C) (i), (ii) and (iii) are correct.

(D) (iii) only is correct.

12. Domestic violence is

(A) Private affair

(B) Public affair

(C) Personal affair

(D) Both private and public affair

13. Reproductive Technology has

(A) Positive effect on the life of women

(B) Negative effect on the life of women

(C) No effect on the life of women

(D) Both positive and negative effects on the life of women

14. Gender balance can be achieved through

(i) inclusive development

(ii) flexi jobs

(iii) reversing the gender roles

(iv) equality of legal rights

**Codes :**

(A) (i) and (iii) are correct.

(B) (iv) only is correct.

(C) (iii) and (iv) only are correct.

(D) (i), (ii) and (iv) are correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

8. **अभिकथन (A) :** घरेलू स्तर पर काम का लिंग आधारित विभाजन सार्वजनिक क्षेत्रों तक फैल जाता है ।

**तर्क (R) :** समाजीकरण की प्रक्रिया परिवार से प्रारम्भ होती है जो समाज एवं अन्य कार्य-स्थलों तक बढ़ जाती है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) गलत है और (R) सही है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

9. **अभिकथन (A) :** महिलाएँ काम का 2/3 भाग करती हैं और मात्र 1/3 उजरत पाती हैं ।

**तर्क (R) :** महिलाओं के घरेलू कार्य का विनिमय मूल्य नहीं है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

10. **अभिकथन (A) :** कन्या भ्रूण हत्या बढ़ती है और यह लिंग अनुपात को घटाती है ।

**तर्क (R) :** घटते हुए लिंग अनुपात के प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग और बेटे को अधिमान देना कारण हैं ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं, (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(D) (A) सही है, (R) गलत है ।

11. नारी श्रम की भागीदारी असंगठित क्षेत्र में अधिक है, क्योंकि

(i) अधिकांश महिलाओं को तकनीकी कौशल प्राप्त नहीं है ।

(ii) नारी-वर्कर का वश्य व्यवहार ।

(iii) नारी-वर्कर अधिक संगठित हैं ।

(iv) नारी-वर्कर निम्न जाति से सम्बन्धित होते हैं ।

**कोड :**

(A) (i) और (ii) सही हैं ।

(B) (iii) और (iv) सही हैं ।

(C) (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(D) केवल (iii) सही है ।

12. घरेलू हिंसा है

(A) प्राइवेट मामला

(B) सार्वजनिक मामला

(C) निजी मामला

(D) प्राइवेट और सार्वजनिक मामला

13. प्रजनन प्रौद्योगिकी में

(A) महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव है ।

(B) महिलाओं के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव है ।

(C) महिलाओं के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं है ।

(D) महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं ।

14. लिंग सन्तुलन को इस द्वारा प्राप्त किया जा सकता है :

(i) सम्मिलित विकास द्वारा

(ii) लचीले व्यवसाय द्वारा

(iii) लिंग भूमिकाओं के आमूल परिवर्तन द्वारा

(iv) कानूनी अधिकारों की समानता द्वारा

**कोड :**

(A) (i) और (iii) सही हैं ।

(B) केवल (iv) सही है ।

(C) केवल (iii) और (iv) सही हैं ।

(D) (i), (ii) और (iv) सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

15. What is common among the States of Punjab, Delhi, Rajasthan and Uttar Pradesh ?
(A) High female illiteracy rate
(B) Increased female labour force participation
(C) Declining female child sex ratio
(D) High Infant Mortality Rate

16. Match the items from List – I and II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Women in Modern India | 1. | A.S. Altekar |
| (b) | The position of Women in Hindu Civilization | 2. | Devaki Jain and Pam Rajput |
| (c) | Narratives from the Women's Studies family | 3. | Maithreyi Krishnaraj |
| (d) | Introduction to Women's Studies | 4. | Neera Desai |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

17. Which is not a visible indicator of gender discrimination ?
(A) Differential sex ratio
(B) Female literacy
(C) Labour force participation
(D) Housing and Sanitation

18. Name the programme for adolescent girls.
(A) ICDS
(B) Indira Awas Yojana
(C) Mahila Samakhya
(D) Kishori Shakthi Yojana

19. The concept of Self Help Group linking with micro-credit was developed originally by
(A) Amartya Sen
(B) Ela Bhatt
(C) Mohammed Yunus
(D) Esther Boserup

20. Arrange the following policy initiatives in chronological order :
(a) The National Perspective Plan for Women
(b) Report on the status of women
(c) National Plan of Action for the Girl Child
(d) National Rural Health Mission

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (B) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (b) | (a) | (c) | (d) |

21. Gender Insensitivity means
(A) Female perspective
(B) Ignoring gender as a variable
(C) Male perspective
(D) Application of both sexes

22. Marxist Feminism explains women's oppression in terms of
(A) Class oppression
(B) Class and gender oppression
(C) Prevalence of Patriarchy
(D) Reproductive oppression



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

15. पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच क्या सामान्य है ?

(A) अधिक महिला निरक्षरता दर
(B) नारी श्रम की भागीदारी में वृद्धि
(C) स्त्री बालिका जैविक अनुपात की कमी
(D) उच्च बाल-मृत्यु दर

16. सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) विमेन इन मॉडर्न इण्डिया | 1. ए.एस. अल्टेकर |
| (b) दि पोजीशन ऑफ विमेन इन हिन्दू सिविलाइज़ेशन | 2. देवकी जैन और पाम राजपूत |
| (c) नरेटिव्ज़ फ्रॉम दि विमेन्स स्टडीज़ फैमिली | 3. मैत्रेय कृष्णराज |
| (d) इण्ट्रोडक्शन टू विमेन्स स्टडीज़ | 4. नीरा देसाई |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

17. निम्नलिखित में से लिंग-भेद का अदृश्य संकेतक है :

(A) विभेदक लिंग अनुपात
(B) महिला साक्षरता
(C) श्रम दल भागीदारी
(D) आवास और स्वच्छता

18. किशोरियों के लिए कार्यक्रम का क्या नाम है ?

(A) आई सी डी एस
(B) इंदिरा आवास योजना
(C) महिला समाख्या
(D) किशोरी शक्ति योजना

19. माइक्रो-क्रेडिट के साथ स्व-सहायता समूह को जोड़ने का मूलत: विकास किसने किया ?

(A) अमर्त्य सेन
(B) इला भट्ट
(C) मोहम्मद यूनुस
(D) एस्थर बोसरूप

20. निम्नलिखित नीति अभिक्रमों को काल-क्रमानुसार रखिए :

(a) द नेशनल पर्सपेक्टिव प्लान फ़ॉर विमेन
(b) रिपोर्ट ऑन द स्टेटस ऑफ विमेन
(c) नेशनल प्लान ऑफ ऐक्शन फॉर द गर्ल चाइल्ड
(d) नेशनल रूरल हेल्थ मिशन

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (B) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (b) | (a) | (c) | (d) |

21. लिंग असंवेदनशीलता का अर्थ है

(A) महिला परिप्रेक्ष्य
(B) लिंग का परिवर्त के रूप में अनदेखा करना
(C) पुरुष परिप्रेक्ष्य
(D) दोनों लिंगों का प्रयोग

22. मार्क्स नारीवादी महिला दमन को किस धारणा के रूप में स्पष्ट करते हैं ?

(A) वर्ग दमन
(B) वर्ग और लैंगिक दमन
(C) पैतृकता की व्यापकता
(D) प्रजनन दमन



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

**23.** **Assertion (A) :** Micro-credit programmes and SHG movement largely deals with saving and lending and not micro-enterprise development.

**Reason (R) :** SHG women lack knowledge and skill of marketing the products.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation for (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) Both (A) and (R) are false.

**24.** Establishing Centre for Women's Studies has been the initiative of

(A) University Grants Commission

(B) Ministry of Women and Child Development

(C) Indian Council for Social Research

(D) National Commission for Women

**25.** Women's work is associated with

(A) Moral value

(B) Market value

(C) Use value

(D) Exchange value

**26.** Sequence the following institutions according to their establishment :

(a) Central Social Welfare Board

(b) National Commission for Women

(c) National Commission for Protection of Child Rights

(d) Department of Women and Child Welfare

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (b) | (c) |
| (B) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**27.** Sequence the following as per the year in which they were initiated :

(a) MTP Act

(b) PCPNDT Act

(c) Child Marriage Restraint (Amendment) Act

(d) Indecent Representation of Women Act

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (b) | (c) |
| (B) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (C) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (D) | (b) | (c) | (d) | (a) |

**28.** The Second Amendment of Dowry Prohibition Act deals with

(A) Seven years imprisonment for the husband.

(B) Punishment for all the members associated with dowry.

(C) Suicide of a woman within seven years of her marriage.

(D) Accepting the gifts from bride as gifts not as dowry.

**29.** Biological determinism means

(A) Gender division of labour

(B) Associating men and women capabilities to Biology

(C) Perception of Gender as sex

(D) Assuming muscularity and femininity based on Biology

**30.** Which method can be used to collect data from the respondents through a direct and indirect contact ?

(A) Interview

(B) Questionnaire

(C) Survey

(D) Case study



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**23.** **अभिकथन (A) :** माइक्रो-क्रेडिट कार्यक्रम और एस एच जी अभियान मुख्यतया बचतों और ऋणों सम्बन्धी कार्य करती हैं, माइक्रो-उद्यम विकास से नहीं ।

**तर्क (R) :** एस एच जी महिलाओं में ज्ञान और उत्पादों के विपणन के कौशल की कमी है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**24.** महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित करना किसने प्रारम्भ किया ?

(A) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(B) महिला एवं बाल विकाल मन्त्रालय

(C) भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद्

(D) राष्ट्रीय महिला आयोग

**25.** महिलाओं का कार्य सम्बन्धित है

(A) नैतिक मूल्यों से

(B) विपणन मूल्यों से

(C) उपयोग मूल्य से

(D) विनिमय मूल्य से

**26.** निम्नलिखित संस्थाओं को उस क्रम में रखिए जिस क्रम से इन्हें स्थापित किया गया :

(a) केन्द्रीय सामाजिक कल्याण बोर्ड

(b) राष्ट्रीय महिला आयोग

(c) राष्ट्रीय बाल-अधिकार संरक्षण आयोग

(d) महिला एवं बाल कल्याण विभाग

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (b) | (c) |
| (B) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**27.** निम्नलिखित अधिनियमों को उस क्रम में रखिये जिसमें उन्हें पारित किया गया ?

(a) एम टी पी अधिनियम

(b) पी सी पी एन डी टी अधिनियम

(c) बाल विवाह निषेध (संशोधन) अधिनियम

(d) इंडीसेंट रिप्रेज़ेन्टेशन ऑफ विमेन एक्ट

**कोड :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (b) | (c) |
| (B) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (C) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (D) | (b) | (c) | (d) | (a) |

**28.** दहेज निषेध अधिनियम में द्वितीय संशोधन का सम्बन्ध है

(A) पति के लिए 7 वर्ष की जेल ।

(B) दहेज में संलिप्त सभी सदस्यों को दण्ड ।

(C) महिला की शादी के सात वर्ष के भीतर आत्महत्या करना ।

(D) वधू की ओर से उपहार स्वीकार करना, मगर उन्हें दहेज के रूप में ग्रहण न करना ।

**29.** जैविक निश्चयता का अर्थ है

(A) श्रम का लैंगिक विभाजन ।

(B) जीव-विज्ञान में पुरुष और स्त्री के सामर्थ्यों को सम्मिलित करना ।

(C) जैविक का लैंगिक परिप्रेक्ष्य ।

(D) जीव-विज्ञान आधारित पौरुषत्व एवं स्त्रीत्व की परिकल्पना ।

**30.** प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सम्पर्क द्वारा उत्तरदाता से आँकड़े इकट्ठे करने के लिए कौन सा ढंग प्रयोग में लाया जा सकता है ?

(A) साक्षात्कार

(B) प्रश्नावली

(C) सर्वेक्षण

(D) केस स्टडी



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**31.** Which of the following is a random sampling method ?

(i) Proportionate Sampling

(ii) Purposive Sampling

(iii) Quota Sampling

(iv) Cluster Sampling

**Codes :**

(A) (i) only.

(B) (i) and (ii) only.

(C) (iii) and (iv) only.

(D) (iii) only.

**32.** Which were the conditions for the onset of women's movement in India ?

(i) Widespread oppression of women.

(ii) Unequal access to basic needs of life.

(iii) Feminization of poverty.

(iv) Fundamental rights.

**Codes :**

(A) (iii) and (iv) only are correct.

(B) (i), (ii) and (iii) are correct.

(C) (i), (ii) and (iv) are correct.

(D) (i) and (ii) are correct.

**33.** **Assertion (A) :** Crimes against women are on the increase despite several legal measures to address them.

**Reason (R) :** Women do not have a concern on the increasing crimes.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) (A) is true, (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are false.

(D) (A) is false, (R) is true.

**34.** Name the author of the book 'Sexual Politics'.

(A) Betty Friedan

(B) Kate Millett

(C) Karl Marx

(D) Mary Daly

**35.** Which of the following is the correct distribution of allocation for women in A and B categories of gender budgeting ?

(A) 30% and 100% in A and B.

(B) 30% and 70% in A and B.

(C) 100% and 30% in A and B.

(D) 50% and 50% in A and B.

**36.** Identify the components of GDI.

(A) Achievements of women in relation to men in terms of literacy, longevity and per capita income in a country.

(B) Literacy and educational achievements of women in relation to men.

(C) A comparative position of men and women in terms of literacy and longevity.

(D) Achievements of women in relation to men in terms of education and employment.

**37.** Which of the following statements pertain to gender division of labour ?

(i) Women are engaged in drudgery work.

(ii) Women get equal pay.

(iii) Women only work the undesirable shift.

(iv) Women engage in stimulating work.

**Codes :**

(A) (i) and (ii) are correct.

(B) (i) and (iv) are correct.

(C) (i) and (iii) are correct.

(D) (i), (ii) and (iii) are correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

31. निम्नलिखित में से कौन सा रेंडम सैंपलिंग का ढंग है ?

(i) अनुपातक सैंपलिंग

(ii) मन्तव्यपूर्ण सैंपलिंग

(iii) कोटा सैंपलिंग

(iv) समूह सैंपलिंग

**कोड :**

(A) केवल (i)

(B) केवल (i) और (ii)

(C) केवल (iii) और (iv)

(D) केवल (iii)

32. भारत में महिला अभियान को प्रारम्भ करने में किन स्थितियों का योगदान है ?

(i) महिला का व्यापक दमन

(ii) जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए असमान पहुँच

(iii) निर्धनता का स्त्रीकरण

(iv) मूलभूत अधिकार

**कोड :**

(A) केवल (iii) और (iv) सही हैं ।

(B) (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

(C) (i), (ii) और (iv) सही हैं ।

(D) (i) और (ii) सही हैं ।

33. **अभिकथन (A) :** अनेक कानून होने के बावजूद महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़ रहे हैं ।

**तर्क (R) :** स्त्रियाँ बढ़ते अपराधों के प्रति चिंतित नहीं हैं ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) सही है, (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

34. पुस्तक 'सेक्शूयल पॉलिटिक्स' का लेखक कौन है ?

(A) बेटी फ्रीडैन

(B) केट मिलेट

(C) कार्ल मार्क्स

(D) मैरी डेली

35. निम्नलिखित में से लैंगिक बजटिंग की A और B श्रेणियों में महिलाओं के लिए सही उद्दिष्ट विभाजन कौन सा है ?

(A) A और B में 30% और 100%

(B) A और B में 30% और 70%

(C) A और B में 100% और 30%

(D) A और B में 50% और 50%

36. जी डी आई के अंगों की पहचान कीजिए ।

(A) किसी देश में साक्षरता, दीर्घायु और प्रतिव्यक्ति आय की धारणाओं से पुरुषों की तुलना में महिलाओं की उपलब्धि ।

(B) पुरुषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता एवं शैक्षिक उपलब्धियाँ ।

(C) साक्षरता और दीर्घायु की धारणाओं से पुरुष और स्त्री की तुलनात्मक स्थिति ।

(D) शिक्षा और रोजगार की धारणाओं से पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की उपलब्धियाँ ।

37. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा श्रम के लैंगिक विभाजन से सम्बन्धित है ?

(i) महिलाएँ अनवरत कार्य करती हैं ।

(ii) महिलाओं को समान वेतन मिलता है ।

(iii) महिलाएँ केवल अनचाही शिफ्ट में काम करती हैं ।

(iv) महिलाएँ उत्तेजनापूर्ण कामों में लगी हैं ।

**कोड :**

(A) (i) और (ii) सही हैं ।

(B) (i) और (iv) सही हैं ।

(C) (i) और (iii) सही हैं ।

(D) (i), (ii) और (iii) सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

38. Management of Savings of SHGS depends upon
(A) Availability of funds
(B) Bribing the Bank Managers
(C) Increase the membership fees
(D) Transparency and proper book keeping

39. A woman's sexual desire for another woman is termed as
(A) Heterosexuals
(B) Bisexuals
(C) Lesbianism
(D) Homosexuals

40. ________ health condition is the result of iron deficiency.
(A) Anaemia
(B) Cancer
(C) Depression
(D) Oedema

41. Thirty percent of funds/benefits earmarked in all women related sectors is the strategy of
(A) Women's Empowerment Plan
(B) Women's Reservation Plan
(C) Women's Development Plan
(D) Women's Component Plan

42. Who is the Minister at Centre for Women and Child Development ?
(A) Renuka Chowdhry
(B) Krishna Thireeth
(C) Mamta Bannerjee
(D) Sheila Dixit

43. Among the following which is not correctly matched ?
(A) Meira Kumar – First Lok Sabha Speaker
(B) Kiran Bedi – First IPS Officer
(C) Kiran Mazumdar – First Woman Entrepreneur in Biocon
(D) Kiran Desai – First Woman IAS Officer

44. **Assertion (A) :** Equality of opportunity was the political goal associated with feminism.
**Reason (R) :** According to radical feminists all women are the natural allies while all men are the enemies of women.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are true, (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, (R) is false.
(D) (A) is false, (R) is true.

45. **Assertion (A) :** India has been the signatory of Convention on Elimination of All Forms of Violence Against Women (CEDAW).
**Reason (R) :** Crimes against women in India is on the increase.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) (A) is true, (R) is false.
(D) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A).



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

**38.** एस एच जी एस की बचतों का प्रबन्धन किस पर निर्भर है ?

(A) फण्डों की उपलब्धता

(B) बैंक मैनेजरों को रिश्वत देना

(C) सदस्यता के शुल्क को बढ़ाना

(D) पारदर्शिता और सही लेखा खाता

**39.** एक स्त्री की दूसरी स्त्री के प्रति लैंगिक इच्छा को क्या कहा जाता है ?

(A) विलिंगता

(B) द्विलैंगिकता

(C) स्त्री-कामुकता (लेसबियनिज्म)

(D) समलैंगिकता

**40.** लौह तत्त्व की कमी के कारण स्वास्थ्य अवस्था क्या होती है ?

(A) रक्तहीनता

(B) केंसर

(C) अवनमन (डिप्रेशन)

(D) सूजन (ऐडिमा)

**41.** महिला सम्बन्धित प्रत्येक क्षेत्र में 30 प्रतिशत फण्डों / लाभों को उद्दिष्ट करने की कार्यनीति किसकी है ?

(A) महिला सशक्तिकरण योजना

(B) महिला आरक्षण योजना

(C) महिला विकास योजना

(D) महिला घटक योजना

**42.** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मन्त्री कौन हैं ?

(A) रेणुका चौधरी

(B) कृष्णा तीर्थ

(C) ममता बैनर्जी

(D) शीला दीक्षित

**43.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) मीरा कुमार – प्रथम लोकसभा अध्यक्ष

(B) किरण बेदी – प्रथम आई पी एस अधिकारी

(C) किरण मजूमदार – प्रथम महिला उद्यमी बायोकोन (Biocon) में

(D) किरण देसाई – प्रथम महिला आई ए एस अधिकारी

**44.** **अभिकथन (A) :** अवसरों में समानता नारीवाद से सम्बन्धित राजनीतिक ध्येय था ।

**तर्क (R) :** उग्र नारीवाद के अनुसार समस्त नारियाँ प्राकृतिक रूप से पुरुष की मित्र हैं और समस्त पुरुष स्त्रियों के शत्रु हैं ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सत्य है ।

**45.** **अभिकथन (A) :** कन्वेंशन ऑन एलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्म्स ऑफ वायलेंस अगेन्स्ट विमेन (सी ई डी ए डब्ल्यू) पर भारत ने हस्ताक्षर किये हुए हैं ।

**तर्क (R) :** भारत में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में वृद्धि हो रही है ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Read the passage below and answer the questions **46 – 50** based on your understanding of the passage :

Whether education is viewed as an asset in raising earning capacity as a gateway to knowledge and information, or as a spur to inculcate values of concern for social transformation and establishment of gender justice for women education is a primary necessity. Elementary education empowers women by providing information and confidence, while higher education emboldens them so that they are confident about entering any field or profession not previously open to women. However, access to education does not depend upon will but on availability of educational institutions, familial support and quality of education. The future trend seems to be that while there will be a growing demand for girls education, the high cost of living will force families to turn their daughters towards short-term courses or correspondence courses which in the long run may deprive the girl of vital interaction available in educational institutions. It seems that the strategy of lowering the cost of girl's education will have to be given serious thought so that girls may not be the victims of gender discrimination. It is indeed a sad situation when a mother would like her daughter to go to school/college but is unable to send her because the child must help in the housework. In the 19$^{th}$ century, we pleaded for the education of women to make her a better partner for her husband, in the last century, education was for her empowerment, and today we are pleading for her right to education as a citizen.

**46.** Elementary Education empowers women by

(A) increasing their learning ability

(B) enhancing their literacy skills

(C) empowering them in decision-making

(D) providing information and confidence

**47.** **Assertion (A) :** Mother would like to send her daughter to school/college but unable to send.

**Reason (R) :** The child must help in housework.

**Codes :**

(A) (A) and (R) both are true and (R) is the correct explanation for (A).

(B) (A) is true (R) is not true.

(C) (A) is false and (R) is true.

(D) (A) and (R) are true, but (R) is not the explanation for (A).

**48.** Families send their daughters to short-term and correspondence courses because

(A) the girls will look after housework

(B) the girls will be employed

(C) high cost of living

(D) girls are substitute for mothers

**49.** 21$^{st}$ century, the demand for girls education has a goal of

(A) Empowerment

(B) Right to Education

(C) Better partner to her husband

(D) Better decision maker

**50.** Factors affecting access to education are

(i) Availability of Educational Institutions

(ii) Family support

(iii) Quality of education

(iv) Income

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iv)

(B) (ii) and (iii)

(C) (iv) and (ii)

(D) (i), (ii) and (iii)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर प्रश्न 46 से 50 तक का उत्तर दीजिए :

यदि शिक्षा आय-सामर्थ्य को बढ़ाने की परिसम्पत्ति है, ज्ञान और जानकारी बढ़ाने का मार्ग है अथवा यह महिलाओं में सामाजिक पुनरुत्थान और लिंग-न्याय की स्थापिती के सरोकारों को जुटाने में प्रेरित करने के लिए है तो उनके लिए शिक्षा मुख्य आवश्यकता है । प्रारम्भिक शिक्षा महिलाओं को जानकारी एवं विश्वास प्रदान करके सशक्त बनाती है, जबकि उच्च शिक्षा उनको सबल बनाती है और उनमें विश्वास का संचार करती है कि वे किसी भी व्यवसाय में जा सकती हैं जो इससे पूर्व उनके लिए नहीं खुले थे । मगर, शिक्षा तक पहुँच केवल इच्छाशक्ति पर नहीं अपितु शिक्षा संस्थाओं की उपलब्धता, पारिवारिक समर्थन और शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है । भावी रुझान यह लगता है कि जहाँ लड़कियाँ का शिक्षा की माँग में वृद्धि होगी, उच्च निर्वाह-व्यय परिवारों को अपनी लड़कियों को अल्पकाली अथवा पत्राचार कोर्सों में भेजेंगे जिससे दीर्घकाल में लड़कियाँ शैक्षिक संस्थाओं में उपलब्ध अन्तर-क्रिया से वंचित रह जाएँगी । ऐसा लगता है कि लड़कियों की शिक्षा में लागत को कम करने की रणनीति को अपनाने के लिए गम्भीरता से सोचना होगा ताकि लड़कियाँ लिंग-भेद का शिकार न हों । यह सचमुच एक दुखद स्थिति है कि जब एक माँ अपनी लड़की को स्कूल / कॉलेज भेजना चाहती है मगर उसे वहाँ भेज नहीं पाती, क्योंकि वह चाहती है कि घरेलू कार्य को करने में लड़की उसकी जरूर सहायता करे । उन्नीसवीं शती में, हमने महिला शिक्षा की वकालत इसलिए की थी कि 'वह अपने पति की बेहतर भागीदार' सिद्ध हो सके । पिछली शताब्दी में शिक्षा उसके सशक्तिकरण के लिए थी और आज हम उसकी शिक्षा की वकालत उसके एक नागरिक होने के नाते करते हैं ।

**46.** प्रारम्भिक शिक्षा महिलाओं को किस प्रकार सशक्त करती है ?

(A) उनकी संज्ञानता की योग्यता को बढ़ाती है ।

(B) उनकी साक्षरता कौशल को बढ़ाती है ।

(C) उनको निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाती है ।

(D) उनको जानकारी और विश्वास प्रदान करती है ।

**47.** **अभिकथन (A) :** माता अपनी लड़की को स्कूल/कॉलेज भेजना चाहती है मगर भेज नहीं पाती ।

**तर्क (R) :** बच्चे को घरेलू कार्य में अवश्य सहायता करनी चाहिए ।

**कोड :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) सही है और (R) गलत है ।

(C) (A) गलत है और (R) सही है ।

(D) (A) और (R) सही है, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

**48.** परिवार अपनी लड़कियों को अल्पकालिक एवं पत्राचार कोर्स करने के लिए भेजते हैं, क्योंकि

(A) लड़कियाँ घरेलू कामकाज को देखेंगी ।

(B) लड़कियाँ रोजगार में लगेंगी ।

(C) उच्च निर्वाह व्यय

(D) लड़कियाँ अपनी माताओं की ऐवजी हैं ।

**49.** इक्कीसवीं शती में लड़कियों की शिक्षा का ध्येय है

(A) सशक्तिकरण

(B) शिक्षा का अधिकार

(C) अपने पति के लिए बेहतर भागीदार

(D) बेहतर निर्णायक

**50.** शिक्षा तक पहुँच को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं ?

(i) शैक्षिक संस्थाओं की उपलब्धता

(ii) परिवार का समर्थन

(iii) शिक्षा की गुणवत्ता

(iv) आय

**कोड :**

(A) (i), (ii) और (iv)

(B) (ii) और (iii)

(C) (iv) और (ii)

(D) (i), (ii) और (iii)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in